सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-116
05/03/2018

मुख्यमंत्री ने बेगूसराय में नाव डूबने से चार लोगों की हुई मौत पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय में नदी में नाव पलटने से चार लोगों की हुई मौत की घटना पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने घटना में मृत व्यक्ति के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

******